आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 01.10.2024    समय : 18.30 पीएम

- वित्त मंत्री सीतारामण ने कहा कि गरीबों और छोटे व्यापारियों के लिए अब ऋण लेना आसान हुआ।
- प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे देने का काम कल से शुरू होगा।
- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा – राज्य सरकार ईको पर्यटन और वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये संकल्पबद्ध।
- अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि गरीबों और छोटे व्यवसायियों के लिए बैंक से ऋण लेना अब आसान हो गया है। उन्होंने आज ईटानगर में ऋण आउटरीच कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनधन योजना के कारण ऐसा संभव हुआ है। वित्तमंत्री ने कहा कि ऋण आउटरीच कार्यक्रम सरकार को कल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों को लाभ पहुंचाने की समीक्षा करने योग्य बनाता है।

................................

प्रदेश में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे देने का काम कल से किया जायेगा। पहले चरण में 20 हजार 721 चयनित परिवारों को पट्टे दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल जयपुर मे आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इन परिवारों को आवासीय पट्टा देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे। पट्टा वितरण कार्यक्रम एक साथ राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित होगा। राज्य स्तरीय समारोह को समस्त जिलों  मे होने वाले कार्यक्रमों मे लाइव दिखाया जायेगा। चयनित 10 जिलों के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री स्वच्छता ही सेवा–2024 कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको कोयला मंत्रालय की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं।

..........................

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जयपुर में इंडिया ब्लड डोनेशन एनजीओ कॉन्क्लेव' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली चयनित संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ–साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधन किया। उन्होंने रक्तदाता एनजीओ को प्रोत्साहित किया साथ ही कहा कि रक्तदान के बारे में लोगों को प्रोत्साहित करना और जागरूक करना अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। इसे लेकर काम करने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के डीजी अतुल गोयल ने कहा कि रक्तदान को अब कैंप कल्चर से बाहर निकालना होगा। उन्होंने

कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान के कार्यक्रम होने चाहिए ताकि जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए हुए रक्तदाता एनजीओ प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया गया।

......................

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार ईको पर्यटन और वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। आज जयपुर में वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में पर्यटन के साथ ईको पय़टन भी महत्वपूर्ण है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिला शक्ति हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण में भी 1450 वन रक्षकों में से 710 महिला वन रक्षक प्रशिक्षण ले रही हैं, जो गर्व की बात है। उपमुख्यमंत्री ने तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वन रक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वनों की कटाई रोकना, वन्य जीवों के शिकार को रोकना, जंगल में काम करते हुए जंगली जानवरों, शिकारियों, असामाजिक तत्वों से सावधान रहना और वनों को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करवाना जैसी जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा किया जाए।

000

संसदीय कार्य, विधि और विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में वानिकी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम प्रदेश में निजी क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। इस समिट से प्रदेश के तीव्र औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे में आज से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ के साथ पखवाड़े की शुरूआत हुई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबंधक अमिताभ ने प्रधान कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाई। पखवाड़े के दौरान हर रोज अलग–अलग थीम के आधार पर सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। कल गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के तहत श्रमदान कर सफाई व्यवस्था में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। स्वच्छ स्टेशन तथा स्वच्छ रेलगाडी के अन्तर्गत स्टेशनों पर भी अभियान चलाया जायेगा।

प्रदेश के जिलों में आज भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में विभिन्न आयोजन हुए। जोधपुर के पीपाड़ में नगर पालिका द्वारा मुन्दड़ा सर्किल से सब्जी मण्डी रोड़ तक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत करौली के हजारीपुरा गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा के सौजन्य से स्वच्छता शपथ और सफाई कार्य हुआ। अभियान के तहत आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र में सफाई मित्र–सुरक्षा शिविर आयोजित हुआ। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान फिजियोथिरेपी परामर्श भी दिया गया।

000

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि देश और दुनिया की सभी तरह की समस्याओं का समाधान हिंदुत्व में मौजूद है। वे सीकर में चल रहे शेखावाटी साहित्य संगम में आयोजित सत्र स्वर्णिम भारत के दिशा सूत्र में बोल रहे थे। वार्ताकार और लेखक मुरारी गुप्ता से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा समाधान की बात करता है। श्री आम्बेकर ने कहा कि भ्रष्टाचार को ख़त्म करने की शुरुआत समाज की तरफ़ से होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं के सवालों के जबाव में उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और सरकारों पर समाज को अंकुश लगाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी आवाज़ बुलंद करने का आह्वान किया। 28 सितंबर से चल रहे शेखावटी साहित्य संगम के पाँचवे संस्करण का समापन कल होगा।

000

भीलवाड़ा जिले के आसींद के नारायणपुरा गांव में आज जंगल में मवेशी चराने गए भाई–बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों के शव बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये। दोनों बहन–भाई भैंसों को तालाब में पानी पिलाने के दौरान गहरे पानी में चली गईं भैंसों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से दोनों निकल नहीं सके और डूब गये। उधर झालावाड़ के बकानी के पास बड़ाय गांव में कालीसिंध नदी में नहाने गये एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई।

000

आज अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर नई दिल्ली में हुए समारोह में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि आज पुरानी पीढी के विवेक, धैर्य और योगदान को सम्माानित करने तथा उनके साथ गुजारे समय को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक मौजूदा पीढी का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार वृद्धजनों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है और अगले वर्ष स्कूलों में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बडे स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वृद्ध कल्याण, सांस्कृतिक, कला, सामाजिक और साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृद्धजनों और वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस मौके पर कार्यकम हुए। बालोतरा में जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इस कार्यकम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। पाली में वृद्धजनों का सम्मान कर उनकी मेडिकल जांच की गई और मुफ्त दवाइयां दी गई। साथ ही पात्र व्यक्तियों की बंद पेंशन को चालू करने का काम मौके पर ही किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर निर्वाचन विभाग की ओर से सौ वर्ष या अधिक आयु के मतदाताओं का सम्मान किया गया। करौली, सवाईमाधोपुर सहित अन्य जिलों में सम्मान कार्यक्रम हुए। जैसलमेर, बाड़मेर और टोंक में भी शतायु मतदाताओं को घर जाकर सम्मानित किया गया।

000